
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




# 2024

teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

**21 नवंबर 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा के जरिए अच्छे नैतिक चरित्र

को बनाया जा सकता है।

**कन्फ्यूशियस**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान


## शशिधर उज्जवल

Thursday

## 21 नवम्बर

1. **विश्व टेलीविजन दिवस–** संयुक्त राष्ट्र के द्वारा प्रत्येक वर्ष 21 नवम्बर को 'विश्व टेलीविजन दिवस' मनाया जाता है। वर्ष 1996 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित कर प्रत्येक वर्ष यह दिवस मनाने की घोषणा की। टेलीविजन का अविष्कार जे.एल. बेयर्ड ने 1926 में किया था। भारत में पहली बार टीवी 1950 में आया। भारत में वर्ष 1982 में पहली बार राष्ट्रीय टेलीविजन चैनल की शुरूआत की गई थी। इसी साल देश में पहला रंगीन टीवी भी आया।
2. **विश्व मत्स्य दिवस–** विश्व मत्स्य दिवस प्रतिवर्ष 21 नवम्बर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य महासागर पारिस्थितिकी प्रणालियों को संरक्षित रखना है। मतस्य पालन अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

## 21 नवंबर



## विश्व टेलीविजन दिवस

मधु प्रिया

# सीवी रमन का निधन 21 नवम्बर



सीवी रमन या चन्द्रशेखर वेंकट रमन का जन्म 7 नवंबर, 1888 को दक्षिणी भारत के तिरुचिरापल्ली में हुआ था। उनके पिता गणित और भौतिकी के व्याख्याता थे। छोटी उम्र में ही उन्हें शैक्षणिक माहौल का सामना करना पड़ा। विज्ञान और नवीन अनुसंधान में उनके योगदान से भारत और विश्व को मदद मिली। सीवी रमन बचपन से ही एक बुद्धिमान छात्र थे। 11 साल की उम्र में उन्होंने छात्रवृत्ति पर मैट्रिक और 13 साल की उम्र में 12वीं कक्षा पास की। 1902 में, उन्होंने प्रेसीडेंसी कॉलेज में दाखिला लिया और 1904 में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उस समय, वे एकमात्र छात्र थे जिन्होंने प्रथम श्रेणी प्राप्त की थी। उन्होंने उसी कॉलेज से फिजिक्स में मास्टर डिग्री की है और पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 1907 में, उन्होंने लोकसुंदरी अम्मल से शादी की और उनके दो बेटे थे जिनका नाम चंद्रशेखर और राधाकृष्णन था। 1928 में, उन्होंने हैंडबच डेर फिजिक के 8वें खंड के लिए संगीत वाद्ययंत्रों के सिद्धांत पर एक लेख लिखा। उन्होंने 1922 में "प्रकाश के आणविक विवर्तन" पर अपना काम प्रकाशित किया, जिसके परिणामस्वरूप 28 फरवरी 1928 को विकिरण प्रभाव की उनकी अंतिम खोज हुई और उन्हें 1930 में भौतिकी में नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ। वह नोबेल प्राप्त करने वाले पहले भारतीय बने। दुनिया में भारत का मान बढ़ाने वाले डॉ चंद्रशेखर वेंकट रमन को 1930 में फिजिक्स नोबेल पुरस्कार मिला था. उन्होंने साबित किया था कि जब किसी पारदर्शी वस्तु के बीच से प्रकाश की किरण गुजरती है, तो उसकी वेवलेंथ (तरंग दैर्ध्य) में बदलाव दिखता है। उनके इस आविष्कार के लिए उन्हें फिजिक्स नोबेल पुरस्कार दिया गया था। उन्होंने रमन प्रभाव की खोज की और इस खोज के लिए भौतिकी में नोबेल पुरस्कार जीता। हर साल 28 फरवरी को नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. सीवी रमन को श्रद्धांजलि देने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।चंद्रशेखर वेंकट रमन का निधन 21 नवंबर, 1970 को हुआ।

# पुण्यतिथि विशेष 21 नवंबर

राकेश कुमार



प्रसिद्ध क्रांतिकारी एवं महान स्वतंत्रता सेनानी

# श्री सत्येन्द्रनाथ बोस जी

**सत्येन्द्रनाथ बोस** (जन्म- 30 जुलाई, 1882, मिदनापुर, मृत्यु- 21 नवंबर, 1908) प्रसिद्ध क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी थे। वे गरम विचारों के क्रांतिकारी थे। एक मुखबिर को जेल के अंदर खत्म करा देने के कारण उन्हें फांसी के फंदे पर लटका दिया गया।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 21.11.2024

## सचेतनता

सचेतनता का मतलब वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करना है। इसका मतलब है कि हम अपने आसपास हो रही हर चीज पर अच्छे से ध्यान दे रहे हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



नाइजीरिया ने **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** को अपने दूसरे सबसे बड़े राष्ट्रीय सम्मान **'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर नाइजर'** से सम्मानित किया। इस सम्मान के साथ ही **प्रधानमंत्री मोदी** दूसरी ऐसे विदेशी नेता बन गए हैं, जिन्हें **प्रतिष्ठित पुरस्कार** प्रदान किया गया है।

स्रोत:
दैनिक भास्कर

# TOB खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

## टी-20 क्रिकेट




## टी-20i में सबसे ज्यादा फिफ्टी (इंडियन विकेटकीपर)


| प्लेयर | फिफ्टी | इनिंग |
|---|---|---|
| संजू सैमसन | 4 | 18 |
| के एल राहुल | 3 | 8 |
| ईशान किशन | 3 | 16 |
| ऋषभ पंत | 2 | 54 |
| एम एस धोनी | 2 | 85 |


## टी-20i में एक साल में सबसे ज्यादा रन (इंडियन विकेटकीपर)

| प्लेयर | रन | इनिंग | साल |
|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 436 | 12 | 2024 |
| ऋषभ पंत | 364 | 21 | 2022 |
| के एल राहुल | 305 | 8 | 2020 |


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
21 नवंबर
दूरदर्शन
विश्व टेलीविजन दिवस
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
21 नवंबर
विश्व टेलीविजन दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


Rayleigh Scattering
Raman Scattering
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
सी.वी रमण
7 नवंबर 1888 - 21 नवंबर 1970
www.teachersofbihar.org
Madhu priya



# सत्येन्द्र नाथ बोस

30 जुलाई 1882- 21 नवंबर 1908

www.teachersofbihar.org

Madhu priya